राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने साँस्कृतिक संध्या का लिया आनन्द
मशहूर कलाकारों की प्रस्तुतियों ने जमाया रंग

जयपुर, 31 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को वर्ष 2019 की अंतिम साँझ में होटल मेरियट में लोक साँस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनन्द लिया तथा लोक कलाकारों के एक से बढ़कर एक उम्दा और मनोहारी कार्यक्रमों की सराहना की।

इस अवसर पर जिला कलक्टर नमित मेहता ए पर्यटन विभागीय अधिकारीगण अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी विश्नोई ए उपखण्ड अधिकारी दिनेश विश्नोई सहित राजभवन के अधिकारीगण राज्यपाल की धर्मपत्नी एवं परिजन आदि उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों के आए कलाकारों ने प्रसिद्ध नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों से समा बाँध दिया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सभी लोक कलाकारों एवं सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों की सराहना की और अपनी ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा कलाकारों के आग्रह पर ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल